आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 22.01.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऋषिकेश में गीता प्रेस गोरखपुर की 'कल्याण पत्रिका' के शताब्दी अंक का विमोचन किया।
- प्रदेश में कल से मौसम में बदलाव के आसार, कई जिलों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की चेतावनी।
- मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनज़र सचिव आपदा प्रबंधन ने जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आपदा से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की।
- आईआईटी रुड़की में राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम के तहत 'संचय' राष्ट्रीय शिल्प संसाधन केंद्र की स्थापना की जाएगी।
- "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत टिहरी, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए गए।

विमोचन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऋषिकेश स्थित गीताभवन में कल गीता प्रेस गोरखपुर की प्रसिद्ध 'कल्याण पत्रिका' के शताब्दी अंक का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि सभ्यताएँ तलवारों से नहीं, बल्कि शब्द और ज्ञान से निर्मित होती हैं। उन्होंने कहा कि 'कल्याण पत्रिका' ने तर्क, शास्त्र और शांति के माध्यम से सनातन मूल्यों की रक्षा की है और एक शताब्दी से अधिक समय से गीता प्रेस पीढ़ियों के निर्माण का कार्य कर रही है। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति को अमर रखने का सशक्त प्रयास बताया।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि मजबूत नेतृत्व के चलते देश की आंतरिक सुरक्षा सुदृढ़ हुई है और भारत एकता, अखंडता और शांति के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

मौसम

राज्य में कल से मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार कल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है, जिसको लेकर चेतावनी भी जारी की गई है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग ज़िले के कुछ क्षेत्रों में तथा देहरादून, हरिद्वार, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कहीं–कहीं हल्की बारिश और 2 हजार 800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना है।

23 जनवरी को मौसम और अधिक सक्रिय रहने की संभावना जताई गई है। कल उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ ज़िलों में कहीं–कहीं भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इसके साथ ही प्रदेश के कई जिलों में आकाशीय बिजली, तेज झोंकेदार हवाएं, ओलावृष्टि और शीत दिवस की स्थिति बनने की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग ने बताया कि अगले एक से दो दिनों में न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। पर्वतीय क्षेत्रों की घाटियों में हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना भी जताई गई है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, विशेषकर पर्वतीय इलाकों में यात्रा के दौरान सावधानी बरतने और प्रशासन को आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की सलाह दी है।

बैठक

मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनज़र सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी संबंधित ज़िलों के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में संभावित बारिश, बर्फबारी, पाला और शीतलहर से उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर जनपदों की तैयारियों की समीक्षा की गई और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस बीच, ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों और जरूरतमंद क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था करने तथा रैनबसेरों में बिजली, पेयजल, बिस्तर और हीटर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र को देने और जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रखने को कहा गया है।

आई.आई.टी रूड़की

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आईआईटी रुड़की ने केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय के राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम के तहत 'संचय' नामक राष्ट्रीय शिल्प आधारित संसाधन केंद्र की स्थापना की घोषणा की है। यह केंद्र आईआईटी रुड़की परिसर में स्थापित होगा और भारत की शिल्प विरासत को डिज़ाइन, प्रौद्योगिकी और नवाचार से जोड़ेगा।

'संचय' को पारंपरिक शिल्पों के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए राष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रारंभिक रूप से इसका फोकस उत्तराखंड की पारंपरिक और संकटग्रस्त शिल्प विधाओं पर रहेगा, जहां शिल्पकारों को प्रशिक्षण, डिज़ाइन विकास, डिजिटल प्रलेखन और तकनीकी सहयोग दिया जाएगा।

आईआईटी रुड़की के डिज़ाइन विभाग के नेतृत्व में संचालित इस केंद्र में डिज़ाइन स्टूडियो, मेकर लैब, प्रदर्शनी स्थल और डिजिटल अभिलेखागार विकसित किए जाएंगे। साथ ही शिल्प विश्वकोश और शिल्पकार निर्देशिका भी तैयार की जाएगी।

आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के. के. पंत ने इसे शिल्प विरासत को आधुनिक विज्ञान और तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस केंद्र से उत्तराखंड सहित देशभर की शिल्प परंपराओं को नया मंच मिलने की उम्मीद ळें *आकाशवाणी देहरादून के लिये समाचार कक्ष से अमित सुन्द्रियाल*

## शिविर आयोजन

प्रदेश सरकार के "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ ज़िलों में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए गए।

टिहरी गढ़वाल के खसेती, आमणी, चाचकण्डा और मोटणा न्याय पंचायतों में आयोजित शिविरों में पन्द्रह सौ लोगों ने प्रतिभाग किया। शिविरों में बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरित की गई और पंचायती राज विभाग की ओर से समान नागरिक संहिता के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र दिए गए।

उधर, अल्मोड़ा ज़िले के हवालबाग विकासखंड में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में एक हजार से अधिक लोगों को समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, विद्युत और पेयजल सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ दिया गया।

उधर, पिथौरागढ़ जनपद के डीडीहाट विकासखंड के धनियाखान न्याय पंचायत में लगे शिविर में करीब 874 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में 144 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतें संबंधित विभागों को भेजी गईं।

शिविरों में मौजूद लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान इन शिविरों के जरिए आसानी से हो रहा है।

## जीएसटी अपील अधिकरण

जीएसटी अपील अधिकरण की देहरादून बेंच बुधवार से पूर्ण रूप से कार्यरत हो गई। बेंच के सदस्यों आनंद शाह, राजेश जैन और नरेश कत्याल ने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर केंद्रीय एवं राज्य जीएसटी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही प्रिंसिपल बेंच के साथ एक वेबिनार का आयोजन भी किया गया।

देहरादून बेंच का संचालन शुरू होना जीएसटी विवाद समाधान प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह अधिकरण सीजीएसटी और एसजीएसटी से जुड़े मामलों में निष्पक्ष अपील व्यवस्था प्रदान करते हुए राजस्व हितों की सुरक्षा करता है।

इस बेंच के शुरू होने से उत्तराखंड और आसपास के क्षेत्रों के करदाताओं को अपील मामलों के त्वरित और पारदर्शी निपटारे की सुविधा मिलेगी।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

केंद्रीय मंत्रिमण्डल के फैसलों की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। अटल पेंशन योजना को 2031 तक जारी रखने का फ़ैसला, कैबिनेट की मंजूरी, दैनिक जागरण ने इस ख़बर को पहले पृष्ठ पर स्थान दिया है। समाचार पत्र लिखता है असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों को बुढ़ापे में पेंशन की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में शुरू की गई अटल पेंशन योजना को सरकार ने वर्ष 2030–31 तक जारी रखने का फैसला किया।

एक अन्य ख़बर पर नवोदय टाइम्स की सुर्खी है– राज्य की सभी 670 ई पैक्स समितियों के ज़रिए डिजिटल सेवाओं से जुड़ेंगे गाँव। समाचार पत्र के अनुसार पैक्स समितियों का डिजिटलीकरण होने के बाद सारा लेनदेन ऑनलाइन हो जाएगा।